तैयारी : जेवर एयरपोर्ट एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

राहत

- परियोजना के लिए सैद्धांतिक मंजूरी मिली
- एनएचएआई हरियाणा में 24 किलोमीटर की जमीन खरीदेगा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर और दिल्ली एयरपोर्ट को एक और एक्सप्रेसवे से जोड़ने की सैद्धांतिक मंजूरी मंगलवार को मिल गई है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य चल रहा है। यह एक्सप्रेसवे हरियाणा से वल्लभगढ़ से गुजरता है। बल्लभगढ़ से जेवर एयरपोर्ट की दूरी मात्र 31 किलोमीटर है। योजना बनाई गई कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ा जाए।

इसके लिए केवल 31 किलोमीटर सड़क बनानी पड़ेगी। इसमें 24 किलोमीटर का हिस्सा हरियाणा में आता है और सात किलोमीटर का हिस्सा उत्तर प्रदेश में आता है।अब इसको लेकर सैद्धांतिक सहमति बन गई है। मंगलवार को दिल्ली में हुई बैठक में इस पर सहमति जताई गई है। एनएचएआई हरियाणा के हिस्से की 24 किलोमीटर की जमीन खरीदेगा और उत्तर प्रदेश अपने हिस्से की जमीन खरीद कर एनएचएआई को देगा। एयरपोर्ट एक्सप्रेस वे से जुड़ने से कई लोगों को सहूलियत हो जाएगी।